भण्डार क्रय कार्यालय

# गो० ब० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

पत्रांक: भ०क्र०का० / 2022–23 / 1612 दिनांक: 07..अप्रैल, 2022

<u>निविदा सूचना</u>

प्रौद्योगिक महाविद्यालय के भण्डार में विभिन्न प्रकार के स्कैप की बिक्री हेतु (माल जैसा है जहाँ है के आधार पर) मुहरबन्द अथवा बन्द लिफाफे में निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.gbpuat.ac.in पर देखा व डाउन लोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 09.04.2022 से 27.04.2022 सायं 5.00 बजे तक की जायेगी एवं पंजीकृत डाक से तथा निविदा पेटी में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि **दिनांक 28.04.2022 सायं 5.00 बजे** तक है। निर्धारित अवधि में प्राप्त निविदाओं को दिनांक **29.04.2022** को प्रातः **11:00** बजे जो भी निविदादाता उपस्थित होगें उनके समक्ष समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोला जायेगा।

निविदा प्रपत्र शुल्कः- रू० 2,000.00+18% वस्तु एवं सेवाकर = रू० 2,360.00 प्रति निविदा।
मोबाइल नं० 75002 41530 ई-मेल spo.gbpuat@gmail.com

Balyan 7.4.22
प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय

**STORES PURCHASE OFFICE**
**G. B. PANT UNIVERSITY OF AGRI. & TECH., PANTNAGAR-263145**
**(U.S. NAGAR) UTTARAKHAND**

No. SPO/Tender /2022-23/1612 Dated: 07. April, 2022

## <u>AUCTION NOTICE</u>

Sealed tenders are invited for the **Sale of different types of Scrap Material (as is where is basis)** kept in the College of Technology Store. The details of the same can be seen & download from the University Website **www.gbpuat.ac.in.**

Last date of receipt of tenders is **28.04.2022 upto 5.00 p.m.** sharply. The received tenders will be opened on 29.04.2022 at 11.00 a.m. in the presence of tenderers at the office of undersigned.

**Tender Documents cost:- ₹ 2,000.00+18% GST = ₹ 2,360.00 Each tender**

**Mobile No.: 7500241530 E-mail: spo.gbpuat@gmail.com**

Balyan 7.4.22
**Officer I/C, Stores Purchase**

# भण्डार क्रय कार्यालय

# गो० ब० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

पत्रांकः भ०क्र०का० / 2022—23 / 1612 दिनांकः .07.. अप्रैल, 2022

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भण्डार क्रय कार्यालय विभाग के माध्यम से प्रौद्योगिक महाविद्यालय के केन्द्रीय भण्डार में भण्डारित तालिकानुसार विभिन्न प्रकार के स्क्रैप की नीलामी हेतु (माल जैसा है जहाँ है के आधार पर) मुहरबन्द अथवा बन्द लिफाफे में निविदायें आमन्त्रित की जाती है:-

| लॉट संख्या | निष्प्रयोज्य सामग्री/स्क्रैप का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | एम०एस/जी०आई/सी०आई/ आयरन स्क्रैप | 51,319.00 कि०ग्रा० |
| 2. | बैट्री का स्क्रैप | 2,745.500 कि०ग्रा० |
| 3. | प्लास्टिक स्क्रैप | 168.00 कि०ग्रा० |
| 4. | ए०सी० स्क्रैप | 13 नग |
| 5. | इलेक्ट्रिक/ इलेक्ट्रानिकस स्क्रैप | 9,686.00 कि०ग्रा० |

इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें भण्डार क्रय कार्यालय से रू० 2,000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 18% = 2,360.00 मात्र का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक (निष्प्रयोज्य सामगी की निविदा से सम्बन्धित शर्तो के बिन्दु 05 के अनुसार) **यूको बैंक/स्टेट बैंक/यूनियन बैंक/पंजाब नेशनल बैंक का ड्राफ्ट, Officer In-charge, Stores Purchase, G.B.P.U.A.&T., Pantnagar (प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय, गो०ब०पन्त कृषि एंव प्रौ० विश्वविद्यालय पन्तनगर)** के नाम से बनवाकर जमा कर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **09.04.2022 से 27.04.2022 सांयः 5:00** बजे तक प्राप्त कर सकते है अथवा विश्वविद्यालय की बेबसाइट **www.gbpuat.ac.in** से डाउन लोड कर सकते है। निविदा में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिक महाविद्यालय भण्डार में प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे एवं सांय 2:30 बजे से 4:30 बजे तक की अवधि में विक्रय की जाने वाली सामग्रियों/स्क्रैप का निरीक्षण करने के साथ-साथ किसी भी शंका निवारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी के सम्पर्क सूत्र मोबाइल संख्या 75002 41530, 94111 60027 पर सम्पर्क कर सकते है।

पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा प्रपत्र, धरोहर राशि रू० 75,000.00 मात्र ( पच्चहत्तर हजार रूपये मात्र) का सावधि जमा/ड्राफ्ट/बैंकर चैक, **Comptroller, G.B.P.U.A.&T., Pantnagar (नियन्त्रक, गो०ब०पन्त कृषि एंव प्रौ० विश्वविद्यालय पन्तनगर)** के नाम से बनवाकर दिनांक **28.04.2022 को अपरान्ह 5:00** बजे तक भण्डार क्रय कार्यालय में रक्षित निविदा पेटी/बाक्स में डाल सकते हैं, तदुपरान्त कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होंगीं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक **29.04.2022 को प्रातः 11:00 बजे** जो भी निविदादाता उपस्थित होगें उनके समक्ष समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोला जायेगा।

Balyan 7.4.22

**प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय**

# भण्डार क्रय कार्यालय
## गो० ब० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर
### विभिन्न प्रकार की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की बिक्री हेतु निविदा प्रपत्र

| लॉट संख्या | निष्प्रयोज्य सामग्री/स्क्रैप का नाम | अनुमानित मात्रा | आवेदक द्वारा प्रेषित कर रहित दरें, प्रति किलो/ प्रति नग/प्रति लाट |
|---|---|---|---|
| 1. | एम०एस/जी०आई/सी०आई/ आयरन स्क्रैप | 51319 कि०ग्रा० | रू० ............... प्रति कि०ग्रा० |
| 2. | इलेक्ट्रिक/इलैक्ट्रानिक स्क्रैप | 9686 कि०ग्रा० | रू० ............... प्रति कि०ग्रा० |
| 3. | बैट्री का स्क्रैप | 2745.5 कि०ग्रा० | रू० ............... प्रति कि०ग्रा० |
| 4. | प्लास्टिक स्क्रैप | 168 कि०ग्रा० | रू० ............... प्रति कि०ग्रा० |
| 5. | ए०सी० स्क्रैप | 13 नग | रू० .................... प्रति नग |
| आवेदक/फर्म का पूरा नाम एवं पताः- | | | |
| टेलीफोन नम्बर/मोबाइल नम्बरः- | | | |
| ई-मेलः- | | | |
| जी०एस०टी रजिस्ट्रेशन नम्बर (फर्म की दशा में) तथा (छायाप्रति संलग्न करें):- | | | |
| पैन कार्ड नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें):- | | | |
| आधार कार्ड नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें):- | | | |
| निविदा प्रपत्र राशि रू०:- 2000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 18% रू0 360.00 = रू0 2,360.00 | | | |
| ड्राफ्ट/बैंकर चैक का नम्बर एवं दिनांकः- | | | |
| धरोहर धनराशि रू०:- 75,000.00 (पच्चहत्तर हजार रूपये मात्र) | | | |
| सवधि जमा/ड्राफ्ट/बैंकर चैक/जमा प्रपत्र का नम्बर तथा दिनांकः- | | | |

**नोटः-** आवेदक द्वारा अपने आवेदन के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क 2000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 18% = रू० 2,360.00 मात्र का **यूको बैंक/स्टेट बैंक/यूनियन बैंक/पंजाब नेशनल बैंक का ड्राफ्ट Officer In-charge, Stores Purchase, G.B.P.U.A.&T., Pantnagar (प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय, गो०ब०पन्त कृषि एंव प्रौ० विश्वविद्यालय पन्तनगर)** एवं धरोहर धनराशि रू० 75,000.00 मात्र का सावधि जमा/ड्राफ्ट/बैंकर चैक **Comptroller, G.B.P.U.A.&T., Pantnagar (नियन्त्रक, गो०ब०पन्त कृषि एंव प्रौ० विश्वविद्यालय पन्तनगर)** के नाम देय संलग्न करना अनिवार्य है। धरोहर राशि का ड्राफ्ट जमा न करने पर आवेदक द्वारा प्रेषित अथवा निविदा पेटी में जमा की गयी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। वस्तु एवं सेवा कर की राशि, (जिस लॉट/सामग्री पर जो भी दर होगी) सामग्री उठाने से पूर्व उच्चतम निविदादाता को स्वयं जमा कर रसीद अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

**प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय के हस्ताक्षर** | **आवेदक के हस्ताक्षर**

## भण्डार क्रय कार्यालय

# गो० ब० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

## निष्प्रयोज्य सामग्री की निविदा से सम्बन्धित शर्ते

निविदा/नीलामी के निम्न नियम एवं शर्तेः-

I. विक्रय हेतु प्रस्तावित निष्प्रयोज्य सामग्रियों का भौतिक अवलोकन/गुणवत्ता की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में माल की उपलब्धता के स्थान प्रौद्योगिक महाविद्यालय के भण्डार से प्राप्त की जा सकती है।

II. निविदा में जहाँ पर दरें प्रति किलोग्राम मांगी गयी है, प्रति किलोग्राम, तथा जहाँ पर दरें प्रति नग/नम्बर मांगी गयी है, प्रति नग की दरें ही दी जायें अन्यथा निविदा निरस्त/अमान्य की जा सकती है।

III. निष्प्रयोज्य सामग्री की बिक्री, "माल जैसा है जहाँ है" के आधार पर की जायेगी तथा निविदा खोले जाने के बाद गुणवत्ता या अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

IV. क्रय की गयी सामग्री पर देय वस्तु एवं सेवा कर (GST) का भुगतान भी क्रेता को नियमानुसार अतिरिक्त देना होगा।

V. डाउनलोड किये जाने वाले निविदा प्रपत्र का शुल्क रू० 2,000.00 + वस्तु एवं सेवाकर 18% = रू० 2,360.00 मात्र **यूको बैंक/स्टेट बैंक/यूनियन बैंक/पंजाब नेशनल बैंक, जो केवल पन्तनगर मे देय हो** का ड्राफ्ट जो **Officer In-charge, Stores Purchase, G.B.P.U.A.&T., Pantnagar** के पक्ष में निर्गत तथा **पन्तनगर** में देय हो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

VI. निविदादाता द्वारा धरोहर राशि के रूप में रू० 75,000.00 मात्र (रूपये पचहत्तर हजार मात्र) **यूको बैंक/स्टेट बैंक/यूनियन बैंक/पंजाब नेशनल बैंक का ड्राफ्ट, Comptroller, G.B.P.U.A.&T., Pantnagar** के नाम से बनाकर निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम ($H_1$) निविदादाता के साथ-साथ उच्चतर ($H_2$) निविदादाता की धरोहर धनराशि को रोकते हुये शेष सभी निविदादाताओं को उनके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि का ड्राफ्ट अगले 10 कार्य दिवसों में उनके अनुरोध पर उन्हें लौटा दिया जायेगा।

VII. निविदा दाता द्वारा क्रय की गयी उच्चतम ($H_1$) निष्प्रयोज्य सामग्री किसी भी कारणवश न ले जाने/उठाये जाने पर उच्चतर ($H_2$) दर निविदा दाता द्वारा उच्चतम ($H_1$) की दरों पर सामग्री के क्रय हेतु यदि लिखित अनुरोध करता है तो निष्प्रयोज्य सामग्री/सम्बन्धित लॉट उच्चतर ($H_2$) निविदा दाता को उठाने की अनुमति प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय द्वारा कर दी जायेगी।

VIII. उच्चतम निविदादाता/बोलीदाता को पूरे माल का 25% धनराशि निविदा खोले जाने/बोली छूटने के दिन ही अथवा अधिकतम अगले कार्य दिवस में जमा करनी होगी। अन्यथा की दशा में क्रेता द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि जो भी होगी जब्त कर ली जायेगी।

IX. क्रय किये गये माल के पूरे मूल्य पर वस्तु एवं सेवा कर (GST), जो भी देय होगा, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त पत्र प्रेषण के 07 दिन के अन्दर क्रेता अपने स्तर से जमा कर, जमा रसीद की छायाप्रति भण्डार क्रय कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें तथा पूरे क्रय किये गये माल का मूल्य विश्वविद्यालय के मुख्य खाते में जमा करने के 10 दिन के अन्दर क्रेता को क्रय माल/लॉट उठाना होगा।

X. यदि उच्चतम निविदादाता/बोलीदाता निर्धारित समय के अन्दर माल नहीं उठाता है तो अगले 10 कार्य दिवस तक क्रय सामग्री के कुल मूल्य का 10% अतिरिक्त भण्डार अधिभार जमा कराते हुए क्रय सामग्री उठाने की अनुमति प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय कार्यालय द्वारा प्रदान की जा सकती है उसके उपरान्त भी क्रेता द्वारा माल न उठाने की दशा में उसकी धरोहर राशि तथा 25% जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी। उक्त सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्म का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

XI. निष्प्रयोज्य सामग्री की बिक्री हेतु गठित समिति को किसी भी निविदा को, जो समिति की दृष्टि में किसी भी कारण अयोग्य पाये जाने पर निरस्त करने का अधिकार होगा।

XII. विश्वविद्यालय को, बिना कारण बताये, विज्ञापित तथा बिक्री की जाने वाली सामग्री को विक्रय करने/न करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा विक्रय की जाने वाली मात्रा को घटाया एवं बढ़ाया भी जा सकता है।

XIII. किसी भी विवाद के उत्पन्न होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति जी एक मात्र मध्यस्थ होगें जिनका निर्णय दोनो पक्षों (क्रेता तथा विक्रेता) को मान्य/स्वीकार करना होगा।

XIV. क्रेता जिसके नाम से निविदा स्वीकृत होगी क्रय किये गयी सामग्री को स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से ही उठा/प्राप्त कर सकता है।

XV. सामग्री/लॉट का उचित आरक्षित/निर्धारित न्यूनतम मूल्य प्राप्त न होने पर समिति द्वारा आंशिक अथवा पूर्ण रूप से सम्बन्धित सामग्री/लॉट की निविदा/बोली को निरस्त किया जा सकता है।

XVI. माल की ढुलाई, श्रम शक्ति एवं वाहन का प्रबन्ध स्वयं क्रेता को करना होगा। क्रेता द्वारा क्रय किये गये माल को उठाने, काटने, तोड़ने अथवा ले जाते समय यदि विश्वविद्यालय की किसी भी प्रतिभूति की क्षति होती है तो उसकी आर्थिक भरपाई क्रेता को करनी होगी।

Balyan

**प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय**